# ईसर-गणगौर पर सजी आस्था की छटा



कोटा में महिलाओं द्वारा उत्साह से गणगौर का पर्व मनाया गया।

**कोटा,** (निसं)। शनिवार को गणगौर पर्व पूरे उत्साह के साथ धूमधाम से शहर भर में मनाया गया। इस अवसर पर कोटा में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रीनाथपुरम स्थित बी सेक्टर में तुलसा परिवार में ईसर-गणगौर पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर परिवार की गौरनियों (महिलाओं) ने पूर्ण श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ गणगौर का विधिवत पूजन किया। पूरे परिसर में पारंपरिक गीतों, सोलह श्रृंगार एवं रंग-बिरंगी सजावट ने पर्व की भव्यता को और भी बढ़ा दिया। महिलाओं ने माता गौरी एवं भगवान ईसर से सुख-समृद्धि, अखंड सौभाग्य एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम के दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय एवं उल्लासमय बना रहा। इस अवसर पर राजकुमारी गुप्ता, शोभा गुप्ता, भूमिका गुप्ता, श्वेता गुप्ता, हर्षा जैन, नेहा गुप्ता सहित अनेक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। आयोजन के संयोजक पुरेंद्र गुप्ता एवं अमित गुप्ता के अनुसार, इस प्रकार के पारंपरिक आयोजनों से परिवार में सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण होता है तथा नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है।

वहीं ईसर गणगौर को धूमधाम से लाकर पूजा अर्चना महिला द्वारा पार्श्वनाथ सिटी बी ब्लॉक पार्क के पास बी-67 में स्थापित किया गया महिलाओं ने पार्श्वनाथ सिटी में प्रतिदिन बिंदोरा निकला और भजन-कीर्तन किये मान्यता है कि पार्वती जी की शादी होने के बाद व पहली बार पीहर आकर 16 दिन गणगौर पूजा की थी जब से मान्यता है की हर वर्ष इस मनाया जाता है गणगौर पर्व हिंदू पौराणिक कथाओं से जुड़ा है और इसमें देवी पार्वती की भगवान शिव के प्रति भक्ति का उत्सव मनाया जाता है। कथाओं के अनुसार, पार्वती ने शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की और प्रेम, प्रतिबद्धता और वैवाहिक सामंजस्य की प्रतीक बन गईं। यह पर्व इन्हीं आदर्शों को दर्शाता है और नारी शक्ति, भक्ति और समृद्धि का सम्मान करता है। पार्श्वनाथ सिटी की महिलाओं ने गणगौर की पूजा-अर्चना की और सुख समृद्धि की कामना की। गणगौर के पावन अवसर पर शहर में श्रद्धा और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला।

रामपुरा कोतवाली के पीछे से ईसर शिव भगवान और माता गौरी पार्वती की प्रतिमाओं का विधिवत नगर भ्रमण निकाला गया। ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक गीतों के साथ निकली इस शोभायात्रा में महिलाओं की विशेष भागीदारी रही। गणगौर राजस्थान का प्रमुख पारंपरिक त्यौहार है, जिसकी शुरुआत होली के अगले दिन से होती है। होली की मिट्टी से ईसर-गौरी की प्रतिमाएं तैयार कर शीतला अष्टमी के दिन उनकी स्थापना की जाती है और 16 दिनों तक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। अंतिम दिन गणगौर का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाता हैं। इस अवसर पर महिलाओं और युवतियों ने सोलह श्रृंगार कर अपने सिर पर ईसर-गौरी की प्रतिमाएं धारण कर नगर भ्रमण में भाग लिया। पूरे मार्ग में भक्ति गीतों और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ वातावरण भक्तिमय बना रहा।

## कटारिया ने भगवान शांतिनाथ के दर्शन कर आशीर्वाद लिया

**रामगंजमंडी,** (निसं)। शहर में 21 मार्च शनिवार की प्रातः बेला में पंजाब और हरियाणा के राज्यपाल एवं राजस्थान सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे गुलाबचंद कटारिया रेल द्वारा रामगंजमंडी पहुंचे। रामगंजमंडी पहुंचने के उपरांत उन्होंने शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचकर मूलनायक शांतिनाथ भगवान के दर्शन किए और प्रभु चरणों में नमन किया।

प्रभु चरणों के दर्शन उपरान्त कटारिया ने नगर में विराजमान आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज के परम शिष्य एवम पूज्य आचार्य श्री 108 समयसाग़र महाराज के आज्ञानुव्रती शिष्य पूज्य मुनि द्वय मुनि श्री 108 निष्पक्ष सागर महाराज एवम पूज्य मुनिश्री 108 निस्पृह सागर महाराज का मंगल आशीर्वाद लिया। वे अलसुबह ही गुरु चरणों मे पहुंचे उनके चरणों में नमन किया मुनि द्वय ने उन्हें मधुर मुस्कान के साथ मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। कटारिया धर्मनिष्ठ व्यक्तित्व है संतों का मंगल आशीर्वाद लेने एवं उनकी प्रेरणा और मार्गदर्शन लेने सदैव जाते रहते ह। इससे पूर्व दिगंबर जैन समाज के कार्यक्रम में भी कटारिया वर्ष 2007 में हुए पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के जन्म कल्याणक महोत्सव की बेला में रामगंजमंडी पधारे थे। तब वे राजस्थान सरकार के गृहमंत्री के पद पर आसीन थे।

# 'समस्या को बढ़ाएं नहीं, छुपाएं नहीं, खुल कर बात करें'



कोटा में आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस में चिकित्सकों द्वारा यौन समस्याओं पर जानकारी दी गई है।

**कोटा,** (निसं)। यौन चिकित्सा पर पहली बार राजस्थान में दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस का आगाज शनिवार को द फर्न एन इकोटेल हॉटल देवली अरब रोड कोटा में किया गया।

आयोजन अध्यक्ष डॉ.वरुण त्यागी (दिल्ली) एवं आयोजन सचिव डॉ.अखिल अग्रवाल ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस में देशभर के 200 के करीब विशेषज्ञ चिकित्सक शिरकत कर अपने विचार रखे और युवा चिकित्सकों ने वर्तमान परिपेक्ष में पति-पत्नी व पार्टनर के सम्बंध में आ रही यौन समस्या पर खुलकर बात की। किसी ने यौन रोगों पर अपनी बात रखी तो किसी ने परस्पर सम्बंध को किस तरह से मजबूत किया जा सकता है, उस पर विचार रखे। मुम्बई से आए डॉ.निलेश शाह ने बताया कि हमे हमारे पार्टनर से सम्बंध बनाने में आ रही समस्या को खुलकर चिकित्सकों को बताना चाहिऐं, नए चिकित्सकों को बताया गया कि वह मरीज से किस तरह से बात करें, उन्हें विश्वास में ले और उनकी समस्या का समाधान सही रूप में करें।

उन्होंने इच्छाशक्ति, रवैया, सही गलत, फिजिकल रिलेशन, नौलेज और अभ्यास के विषय में जानकारी दी। डॉ.टीएसएस राव (मैसूर) ने बताया कि हमे विषय की जानकारी का अभाव है, उन्होंने फीमेल को हो रही समस्या की जानकारी दी और खुलकर बात करने की सलाह दी। साथ ही युवा पीढी में बढ़ते सम्बंध और सम्बंधों का टूटना क्यों हो रहा है, इस विषय के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही वर्तमान में आ रही दवाएं, जांच, नई तकनीक, मशीने और सरकार द्वारा क्या किया जाना चाहिए, इसकी जानकारी दी।

## सार-समाचार

### अवैध हथियारों सहित आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। आरकेपुरम् पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए अवैध हथियारों सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने आरोपी के पास से दो अवैध देशी पिस्टल, चार जिंदा कारतूस सहित एक खाली कारतूस बरामद किया है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि अवैध हथियारों की तस्करी व तस्करों की धरपकड़ के लिये विशेष अभियान चलाया जा रहा है, इसके तहत् शहर के समस्त थानाधिकारीयों को टीम गठित कर प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये गये है। आरकेपुरम् थानाधिकारी सिद्वात श्रीवास्तव (आईपीएस प्रो.) ने बताया कि आरकेपुरम थाने के सहायक उपनिरीक्षक खेमचन्द चौधरी मय जाप्ता इलाके में गश्त कर रहे थे, पुलिस टीम को गश्त के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि एफसीआई गोदाम के पीछे एक व्यक्ति अवैध हथियार के साथ वारदात करने की फिराक में घुम रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मुखबीर द्वारा बताये गये हुलिये के आधार पर मौजूद व्यक्ति को मौके पर डिटेन कर तलाशी ली। पुलिस टीम ने तलाशी के दौरान उसके पास से दो अवैध देशी पिस्टल, चार जिंदा कारतूस एवं एक खाली कारतूस बरामद किया। पुलिस टीम ने मौके पर आर्म्स एक्ट में कार्यवाही करते हुए हनुमान कच्ची बस्ती थाना कुन्हाडी निवासी प्रवीण उर्फ पवन (27) को गिरफ्तार किया, पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

### दीगोद मंडल में सुपोषित माँ अभियान के तहत किट वितरित

**कोटा,** (निसं)। स्वास्थ्य और पोषण के प्रति सामाजिक सरोकार निभाते हुए सांगोद विधानसभा क्षेत्र के दीगोद मंडल में सुपोषित माँ अभियान के अंतर्गत पोषण किट वितरित किए गए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की प्रेरणा तथा ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के मार्गदर्शन में क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को हर माह पोषण किट दिए जाते हैं। अभियान के तहत दीगोद मंडल की सात ग्राम पंचायतों दीगोद, मूंडला, डूंगरज्या, कोटसुआं, नीमोदा, सारोला और अमरपुरा की लगभग 150 गर्भवती महिलाओं को किट प्रदान किए गए। इस किट में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक पौष्टिक आहार और सामग्री शामिल है। जिसका उद्देश्य माता और शिशु दोनों को कुपोषण से बचाना और एक स्वस्थ समाज का निर्माण करना है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य रमेश गोचर, राजनीता मेघवाल, लाभचंद गोचर, देवकीनंदन दाधीच, लोकेश मेघवाल और सुनीता मेहरा सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सघन टिकट जांच अभियान में 120 प्रकरणों में 35,350 की वसूली

**कोटा,** (निसं)। ट्रेनों में यात्रा के दौरान बिना टिकिट यात्रा करने वाले यात्री एवं ट्रेनो व प्लेटफार्म पर घुम रहे अवैध वेंडरों के खिलाफ नियमित कार्यवाही के लिये रेलवे की ओर से कोटा रामगंजमंडी-भवानीमंडी सेक्शन में सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों एवं अवैध वेंडरों के विरुद्ध व्यापक कार्रवाई की गई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि इस विशेष अभियान में कुल 120 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनसे कुल 35,350 की वसूली की गई। अभियान में शामिल मुख्य टिकट जांच स्टाफ में लक्ष्मीकांत मीना (मुख्य टिकट निरीक्षक), दीपक शर्मा (उप मुख्य टिकट निरीक्षक), विष्णु कुमारी, हेमेंद्र मीना एवं उमेश कुमार (वाणिज्य टिकट निरीक्षक) ने रेलवे सुरक्षा बल के मंजीत चौधरी एवं मुनेश कुमार मीना के साथ मिलकर प्रभावी कार्यवाही की।

### सूने मकान से नकदी व गहने चोरी

**कोटा,** (निसं)। नान्ता थाना इलाके में सूने पड़े मकान को अज्ञात चोर ने निशाना बनाते हुए घर में रखी नकदी व गहनों पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार नान्ता क्षेत्र के सुखाडिया आवासीय योजना निवासी गुड्डी पूरे परिवार सहित गर्मी में कोटा से बाहर जयपुर गई थी, पीछे से अज्ञात चोरों ने मकान में हाथ साफ कर दिया। पडोसीयों ने मकान का ताला टुटने की सूचना पीड़िता को फोन पर दी, सूचना पर पीड़िता परिवार सहित कोटा पहुंची और मकान के अंदर देखा तो पूरा सामान बिखरा हुआ पड़ा था, मकान में चोरी की सूचना नान्ता पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया, नान्ता थाने के इंचार्ज दुर्गालाल ने बताया कि पीड़िता गुड्डी ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में कहा कि वह गमी में जयपुर गई हुई थी, पीछे से सूने मकान में चोरी हो गई, पीड़िता ने रिपोर्ट में करीब डेढ़ लाख रूपये नकद व सोने चांदी के जेवरात चोरी होने की रिपोर्ट दी है, पीड़िता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है।

### यूजीसी कानून के विरुद्ध प्रादेशिक सेवारत वैश्य संस्था की बैठक आज

**कोटा,** (निसं)। प्रादेशिक सेवारत वैश्य संस्था के तत्वावधान में यूजीसी द्वारा लागू किए जा रहे नए नियमों को लेकर रविवार को आपात बैठक आयोजित की है। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष हुकुमचंद मंगल ने बताया कि केंद्र सरकार और यूजीसी की वर्तमान नीतियों से सवर्ण समाज के युवाओं के भविष्य और उनके शैक्षणिक अधिकारों पर गहरा संकट मंडरा रहा है। इन विसंगतिपूर्ण नियमों के कारण आने वाले समय में समाज की प्रतिभाओं को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। जिसके विरुद्ध अब सामूहिक आवाज उठाना अनिवार्य हो गया है। इसी संदर्भ में रविवार को सायंकाल 4 बजे जवाहर नगर थाने के सामने एक विशेष सभा आहूत की गई है। मंगल ने कहा कि यह समय आपसी मतभेदों को भुलाकर समाज के व्यापक हित में एक साथ खड़े होने का है। उन्होंने संपूर्ण सवर्ण समाज को इस बैठक में सादर आमंत्रित करते हुए कहा कि हमारी एकजुटता ही सरकार को इन नीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए विवश कर सकती है। बैठक में विरोध की आगामी रणनीति और आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

# भगवा स्वरूप में मार्ग और चौराहे सजा कर हिंदू नववर्ष का अभिनंदन हुआ

**■ स्वागत द्वारों और पुष्पांजलियों द्वारा रैली का अभिनंदन किया गया**

**कोटा,** (निसं)। हिंदू नववर्ष आयोजन समिति, कोटा महानगर के तत्वावधान में आयोजित पंचदिवसीय कार्यक्रमों के समापन पर शनिवार को कोटा महानगर में विराट भगवा वाहन रैली निकली। रैलियों में डीजे की धुन, भारत माता, भगवान श्रीराम, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, बाबा साहब अंबेडकर और लव जिहाद सहित अनेकों झांकियां रहीं और हिंदू सहभागी भगवा दुपट्टा, भगवा झंडी और भगवा साफा धारण कर सम्मिलित हुए।

भगवा रैली संयोजक युधिष्ठर सिंह नें बताया कि कोटा की 500 से अधिक छोटी-बड़ी बस्तियों से सर्व हिंदू समाज के नागरिक अपने-अपने वाहनों से निकले और अपने नगर की टोलियों में सम्मिलित हुए। इस प्रकार 12 नगरों की टोलियां अपने-अपने एकत्रीकरण स्थल पर पहुंचीं। सभी चार एकत्रीकरण स्थलों से सायं 4 बजे के लगभग यह रैलियां टीलेश्वर मंदिर चौराहे की ओर बढ़ीं और लगभग पांच बजे टीलेश्वर चौराहे पर महासंगम करते हुए, जड़ के बालाजी दशहरा मैदान पहुंचकर हनुमान चालीसा के साथ सम्पन्न हुईं।

रैली में भारत माता की जय, वंदे मातरम्, जय श्रीराम, एक ही नारा, एक ही नाम-जय श्रीराम, जय श्रीराम के नारे गूंज रहे थे। वहीं डीजे पर "घर-घर भगवा छाएगा", "मुझे भाया भगवा रंग", हिंदू हैं हम हिंदू की बात करेंगे जैसे जोशीले भजनों पर युवाशक्ति झूमते हुए आगे बढ़ती रही। समापन कार्यक्रम में जड़ के बालाजी प्रांगण में मंचस्थ गोदावरी धाम की महामंडलेश्वर साध्वी हेमा सरस्वती, महंत प्रीतमराम स्नेही, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चित्तौड़ प्रान्त कार्यवाहक शंकर लाल माली, समिति के अध्यक्ष गोविन्द नारायण अग्रवाल, महामंत्री डा बाबूलाल भाट रहे वहीं मंच संचालन रैली संयोजक युधिष्ठिर सिंह हाड़ा नें किया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाहक शंकर लाल माली ने कहा कि जब-जब देश की सज्जन शक्ति, एकजुट होकर प्रगट हुई है तब-तब परिणाम पक्ष में आए हैं। उन्होंने कहा कि देश की सज्जन शक्ति को हमेशा देशहित के साथ खड़े होने की आदत डालनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि युगों-युगों से चली आ रही हमारी सनातन संस्कृति है। जब भी देश की सज्जन शक्ति ने एक होकर के समस्या का समाधान चाहा, हल हुआ। उन्होंने कहा कि सज्जनशक्ति के शक्ति प्रगटीकरण से साईन बोर्ड मसला हल हुआ, अयोध्या में भगवान श्रीराम का दिव्य मंदिर निर्माण हुआ, रामसेतु को तोड़ने का षडयंत्र विफल हुआ, धर्म पूछ करके गोली मारने वालों को सबक सिखाने के लिए सरकार को प्रेरित किया। देश की सज्जन शक्ति जब-जब जागी है तब तब उसने परिणाम प्राप्त किया है। देश की सज्जन शक्ति का देश के साथ जुड़ाव बहुत जरूरी है।

गोदावरी धाम की महामंडलेश्वर हेमा सरस्वती ने हिंदू समाज को एक जुट होकर षड्यंत्रों को विफल करने का आव्हान किया। भगवा रैली संयोजक की युधिष्ठिर सिंह ने आह्वान किया कि जड़ के बालाजी की प्रतिमा हेतु भव्य मंदिर को एक वर्ष के अंदर निर्माण करें, अन्यथा हिंदू समाज सड़कों पर उतरेगा। इस अवसर पर पूरे कोटा महानगर का वातावरण पूर्णतः भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत नजर आया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर रैली का स्वागत किया तथा धर्म ध्वजा के साथ सनातन संस्कृति के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। यह आयोजन केवल एक रैली न होकर हिंदू समाज की एकता, आस्था और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बनकर उभरा, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए धर्म और राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा का परिचय दिया। समाजसेवी श्याम बिहारी नागर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यनारायण श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, सहित विशाल वाहन रैली संयोजक युधिष्ठिर सिंह हाड़ा, सह संयोजक मुकुट नागर, लव शर्मा, विजय सिंह, विकास शर्मा, योगेश रेनवाल, सुमेर सिंह, राकेश मिश्रा, सत्य प्रकाश शर्मा बालिता, पवन सिंह, रौनक आनंद, रामचरण लोधा सहित रैली में अपने अपने नगरों के साथ सम्मिलित हुये।

# रामगंजमंडी में हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ ईद-उल-फितर का त्यौहार मनाया

**■ खुदा से मुल्क में अमन-चैन, बरकत और तरक्की की दुआएं मांगी**

**रामगंजमंडी,** (निसं)। रामगंजमंडी उपखण्ड क्षेत्र में शनिवार को रमज़ान के पवित्र महीने की समाप्ति के बाद ईद-उल-फितर का त्यौहार पूरे हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। इस खास मौके पर मुस्लिम समुदाय ने सुबह-सुबह ईदगाह में एकत्र होकर विशेष दो रकात नमाज अदा की और खुदा से मुल्क में अमन-चैन, बरकत और तरक्की की दुआएं मांगी। शहर में भी ईद की मुख्य नमाज जुल्मी रोड स्थित ईदगाह पर अदा करवाई गई।

ईदगाह पर सभी उत्साह के साथ सुबह 09.00 बजे नमाज अदा करने पहुंचे। ईदगाह स्थल नमाजियों से खचाखच भर गया। जहां हजारों अकीदतमंदों ने सामूहिक नवाज अदा की और एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। जिसके बाद कब्रिस्तान में अपने पूर्वजों की कब्र पर फूल अर्पित कर फातिहा पढ़ी और मगफिरत की दुआएं की।

वहीं हिंदू भाईयों ने भी अपने मुस्लिम भाईयों को ईद की मुबारकबाद दी। उधर खैराबाद में भी ईद.उल.फ़ितर का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। खैराबाद रमजान के पाक महीने के बाद मुस्लिम समुदाय ने शनिवार को खैराबाद में ईद.उल.फ़ितर का त्यौहार उत्साह और अकीदत के साथ मनाया।

ईदगाह में सुबह से ही नमाज़ियों की भीड़ दिखी,जहाँ ईद की नमाज़ अदा कर लोगों ने अल्लाह सेदेश. समाज में सुकून और भाईचारे की दुआएँ मांगी। खैराबाद में मुख्य नमाज ईदगाह पर सुबह 8.30 बजे अदा की गई जहां पेश इमाम हाफिज मोहम्मद इरशाद ने नमाज अदा कराई। वहीं जामा मस्जिद में भी ईद की नमाज पढ़ी गई जहां पेश इमाम हाफिज कारी आरिफ राजा ने नमाज अदा कराई।

ईद की नमाज के बाद सभी मुस्लिम भाईयों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी उसके बाद मुस्लिम भाई कब्रिस्तान गए जहां अपने गुजरे हुए परिजनों की मगफिरत के लिए फातेहा पढ़ी गई। ईद के मौक़े पर खैराबाद के गली-मोहल्लों में खास रौनक देखी गई। बच्चे जवान नए कपड़ों में दिखे, जबकि बाजारों में मिठाईयों, सेवई और फिरनी आदि की दुकानों पर भीड़ रही। घरों में परिवारों ने विशेष ईद की दावत का आयोजन कर रिश्तेदारों और पड़ोसियों को साथ बुला कर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। ईद का यह त्यौहार न केवल रोजों के परिणाम के रूप में खुशी, बल्कि समाज में मोहब्बत, भाईचारे और सहयोग का संदेश भी देता है।

# ईद का जश्न-खुदा की बारगाह में झुके सिर, अमन-चैन की दुआएं



कोटा में ईद उत्साह के साथ मनाई गई।

**कोटा,** (निसं)। रमजान के पाक महीने के बाद कोटा शहर में ईद उल फितर मनाया गया। किशोरपुरा स्थित मुख्य ईदगाह में नमाज अदा की गई। शहर काजी जुबैर अहमद ने ईद की नमाज अदा करवाई। इस दौरान हजारों की तादाद में मुस्लिम समाज के लोग ईद की नमाज अदा करने पहुंचे। सभी ने एक-दूसरे को गले लगकर ईद की बधाई दी।

कांग्रेस नेता पहुंचे, अमन-चैन की कामना की इस दौरान कांग्रेस नेता विधायक शांति धारीवाल, प्रहलाद गुंजल सहित पूर्व अध्यक्ष रविंद्र त्यागी पीसीसी मेंबर अमित धारीवाल शिवकांत नंदवाना पूर्व अल्पसंख्यक अध्यक्ष आबिद कागजी कई मोहम्मद जफर निवर्तमान पार्षद सलीना शेरी रफीक मोहम्मद ऑल इंडिया मोबिन कांफ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष हाजी अब्दुल रज़ाक़ अंसारी कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मुस्लिम समाज के लोगों के गले मिलकर बधाइयां दी। सिटी एसपी भी मौके पर मौजूद रहे।

शहर काजी जुबैर अहमद ने सभी को ईद की बधाई थी। उन्होंने कहा ईद खुशियों का नाम है। किसी भी मजहब-कौम में कोई त्यौहार आता है तो वो के खुशियां लेकर आता है। इंसानियत के लिए यह बहुत जरूरी है कि हम एक-दूसरे के एहसास व जरूरत को समझे। समाज के अंदर बुराईयों से बचाने वाले परिवार ज्यादा होंगे, तो समाज तरक्की करेगा। जब समाज तरक्की करता है तो देश तरक्की करता है।

## सार-समाचार

### जयबाबा जी का 121वाँ जन्मोत्सव आज

**कोटा,** (निसं)। दादाबाड़ी स्थित निजधाम आश्रम ट्रस्ट द्वारा जयबाबा जी का 121वाँ जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से 22 मार्च को मनाया जाएगा। आयोजन की तैयारियों के लिए बैठक हुई जिसमें समाज के गणमान्य एवं जयबाबा प्रेमी उपस्थित रहे। ट्रस्ट के मुरलीधर जैसवानी व दर्शन कवलानी ने बताया कि सुबह 7.30 बजे धर्म ध्वजा फहराकर कार्यक्रम की शुरआत होगी एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो शास्त्री नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए निजधाम आश्रम पर सम्पन्न होगी एवं आश्रम पर श्री जगत मंदिर पार्टी द्वारा सत्संग कीर्तन होगा। निजधाम आश्रम ट्रस्ट के कल्पित रोहिड़ा ने बताया कि शाम 5.30 बजे चकरबाटा के संत कृष्णदास द्वारा संगीतमय सतसंग प्रवचन होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जी रहेंगे, विशिष्ट अतिथि कोटा दक्षिण विधयाक संदीप शर्मा रहेंगे। पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष ओम आडवाणी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन की अग्रिम शुभकामनायें दी। संत कँवरराम धर्मशाला के अध्यक्ष गिरधारी लाल पंजवानी ने बताया कि कोटा महानगर में जयबाबा जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जायेगा। जन्मोत्सव को लेकर प्रेमियों में उत्साह का माहौल है और तैयारियाँ जोरों पर हैं। जन्मोत्सव में निजधाम आश्रम ट्रस्ट, जयबाबा युवा मण्डल एवं महिला मण्डल आयोजन की तैयारियों में जुटा हुआ है।

### हर्षोल्लास व उत्साह से मनाई ईद

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे में शनिवार को ईदुल फ़ित्र का त्यौहार हर्षोल्लास व उत्साह से मनाया गया, शनिवार को सुबह 8.15 बजे क़स्बे की ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज़ शहरकाज़ी मौलाना इज़हार हुसैन क़ासमी ने अदा करवाई। वही इससे पूर्व शुक्रवार शाम को ईद का चांद नज़र आने बाद नवाबी काल की परंपरा के अनुसार 7 तोपो की सलामी दी गई। औकाफ कमेटी के सदर साजिद खान व प्रवक्ता इक़बाल बुलंद ने बताया कि क़स्बे में शनिवार को ईदुल फ़ित्र का त्यौहार हर्षोल्लास व उत्साह से मनाया गया। क़स्बे की ईदगाह पर सुबह 8.15 बजे ईदगाह पर शहर काज़ी मौलाना इज़हार हुसैन ने ईद की नमाज़ अदा करवाई। नमाज़ के बाद मुल्क में अमन चैन, मुल्क की सलामती के लिए दुआएं मांगी गई, वही भाईचारे से ईद मनाने का आ ान किया गया, इसके बाद लोगो ने एक दूसरे से गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी तथा छोटे बच्चे को ईदी दी गई। वही कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने भी ईदगाह पहुंच कर मुस्लिम समाज के लोगो को ईद की मुबारकबाद पेश की, बाद में युवाओ ने सेवइयां बनाकर एक दूसरे को खिलाई, जिसमे प्रशासनिक अधिकारियों व राजनीतिक दलों के लोगो ने भी हिस्सा लिया।

### रामेश्वर अहीर युवा जिलाध्यक्ष बने

**छबड़ा** (निसं)। अखिल भारतीय यादव महासभा ने छबड़ा निवासी रामेश्वर अहीर को बारां जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला अध्यक्ष की नियुक्ति पर रामेश्वर ने शीर्ष नेतृत्व एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष रामानंद यादव, प्रदेश अध्यक्ष अरविंद यादव, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र यादव का हृदय की गहराइयों से बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा यह दायित्व मेरे लिए पद नहीं बल्कि राष्ट्र सेवा समाज सेवा का संकल्प है। मैं संगठन की विचारधारा एवं निष्ठा से पालन करूंगा।

# विश्व डाउन सिंड्रोम डे मनाया

**कोटा,** (निसं)। विश्व डाउन सिंड्रोम डे के अवसर पर, एक पहल चाईल्ड डेवलपमेंट सेंटर, श्रीजी हॉस्पिटल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ.नीता जिंदल ने बताया कि डाउन सिंड्रोम का इलाज दवा, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी और स्पेशल एजुकेशन जैसी विविध विधियों से संभव है। एक पहल चाईल्ड डेवलपमेंट सेंटर श्रीजी हॉस्पिटल में डाउन सिंड्रोम, सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज़्म, हाइपरएक्टिव चाईल्ड, डेवलपमेंटल डिले जैसी समस्याओं का अनुभवपूर्ण टीम द्वारा एक ही स्थान पर उपचार किया जाता हैं। वर्ल्ड ऑटिज़म अवेयरनेस डे के अवसर पर, श्रीजी हॉस्पिटल, रोड नंबर 5 पर, 5 अप्रैल को,एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा, जहां सुबह 10 बजे से 2 बजे तक ऑटिज्म स्क्रीनिंग, आई, ईएनटी, डेंटल, डायटिशियन, स्पीच थेरेपी, ऑक्यूपेशनल और फिजियोथेरेपी जाँचें एवं मूल्यांकन मुफ्त की जाएंगी।


**खोया पाया**

गीता देवी पत्नी.जयशंकर चौबे मकान नंबर 1-एल-34 महावीर नगऱ तृतीय का ट्रांसफर लेटर गुम हो गया है किसी को मिलने पर सूचित करें।



**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)**

क्रमांक: LU2012/KOT/2025-26/101166 **लोक सूचना** दिनांक : 19/03/2026

श्री SANJEEV MEWARA पुत्र श्री JAGDISH MEWARA जाति KALAL निवासी JAGDISH HOTEL KE NICHE,LADPURA,KOTA CITY,S.O. KOTA CITY,KOTA,RAJASTHAN ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का **आवासीय** प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थातः–

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्गमीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजनगर, लाड़पुरा (कोटा) | SANJEEV MEWARA S/O JAGDISH MEWARA HISSA PURNA CASTE-KALAL SA. LADPURA, KOTA, KHATEDAR | 598/483 | 400 | 0.04 |
| | | | 599/484 | 379 | 0.0379 |
| | | | 601/486 | 200 | 0.02 |
| | | | 604/487 | 1000 | 0.1 |
| | | | 606/488 | 900 | 0.09 |
| | | | 607/492 | 385 | 0.0385 |
| | | | 610/563 | 900 | 0.09 |
| | | | 612/564 | 1100 | 0.11 |
| | | | 614/565 | 500 | 0.05 |
| | | | 616/570 | 800 | 0.08 |
| | | | 617/571 | 100 | 0.01 |
| | | | 619/572 | 21 | 0.0021 |
| | | | 622/573 | 1400 | 0.14 |
| | | | 624/574 | 1000 | 0.1 |
| | | | 625/575 | 15 | 0.0015 |
| | | | | कुल | 0.91 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क औरा राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 19-03-2026 को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)**